# जाके देखो खाटू धाम बिगड़े काम बन जायेंगे | By Bunty Dhuriya

जाके देखो खाटू धाम तेरे बिगड़े काम बन जाएँ
हारे के सहारे बाबा मेरे सबका साथ निभाए

श्याम प्रेमियों का देखो वहां लगता बड़ा नज़ारा
ऊँचे सिंहासन बाबा बैठा लगता बड़ा है प्यारा
हर प्रेमी की बात बनाये नज़रो से करे इशारा
जाके देखो खाटू धाम तेरे बिगड़े काम बन जाएँ

लम्बी लम्बी लगी कतारें मत घबराना प्यारे
हर प्रेमी को देते दर्शन हटते नहीं नज़ारे
जयकारा श्री श्याम का गूंजे लगता श्याम अखाड़ा
जाके देखो खाटू धाम तेरे बिगड़े काम बन जाएँ

रींगस से खाटू तक देखो है निशान बड़े प्यारे
हर निशान श्याम धणी संग हनुमान जी विराजे
भजनो से रिझाये बंटी पल पल श्याम पुकारे
जाके देखो खाटू धाम तेरे बिगड़े काम बन जाएँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87/